दिनांक: 17.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री-बिहार-पश्चिम बंगाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। बिहार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोतीहारी में सात हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी चार नई अमृत भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। प्रधानमंत्री कल ही पश्चिम बंगाल का दौरा भी करेंगे, जहां वे पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। ये परियोजनाएं तेल और गैस, बिजली, सड़क और रेलवे क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

राष्ट्रपति स्वच्छ सर्वेक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के पुरस्कार समारोह में आज प्रदेश के आठ शहरों को पुरस्कार मिले हैं। इंदौर शहर ने लगातार आठवें वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए।

इंदौर के लिए पुरस्कार लेने वालों में मंत्री कैलाश विजवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव शामिल थे। मध्यप्रदेश के आठ शहरों को विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इंदौर शहर लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है।

न्यायाधीश-शपथ

न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश के 29वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। उन्होंने आज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ले ली है। भोपाल स्थित राजभवन के में आयोजित एक सादे समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में उप मुख्यमंत्री

जगदीश देवड़ा, हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मौसम

प्रदेश में लगातार बारिश जारी है। जिससे नदी नाले उफान पर है। प्रदेश में अब तक 72 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। करीब 18.5 इंच बारिश प्रदेश में दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर समेत प्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश से एक मानसून ट्रफ गुजर रही है। इस वजह से उत्तरी हिस्से में अगले 2 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। कल जबलपुर-ग्वालियर में 9 घंटे के अंदर 1.1 इंच पानी गिर गया। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में 1 इंच, मंडला में पौन इंच और दतिया में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। शहडोल के बाणसागर बांध के 8 गेट खोल दिए गए। वहीं, बैतूल जिले के सारणी में सतपुड़ा बांध के 5 गेट खोले गए हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले की इटारसी में पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी और थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से संवाद किया।
- शिवपुरी जिले के पोहरी में कल खाद्य विभाग की टीम द्वारा एक फ्यूल पेट्रोल और डीजल पंप पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान पंप पर स्टॉक सीमा में अंतर पाए जाने पर 728 लीटर पेट्रोल और 966 लीटर डीजल मौके पर ही जब्त किया गया।
- आगरमालवा में कल सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर साफ सफाई से बीमारी को दूर रखने के लिए डस्टबीन की उपयोगिता और सफाई के महत्व की जानकारी दी।
- बुरहानपुर में पुलिस विभाग द्वारा कल नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। कमल तिराहे से शुरू हुई रैली में स्कूली विद्यार्थियों और पुलिस अफसरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

- डिंडोरी जिले में लगातार बारिश से नदी नालों में उफान है नर्मदा का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है कलेक्टर नेहा मारव्या ने अतिवृष्टि की संभावना के चलते आज 17 जुलाई अवकाश घोषित किया है।

नमस्कार।

....